<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–14.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. झारखंड सहित देशभर में रंगोत्सव को लेकर उल्लास, राज्य में सुरक्षा के लिए 10 हज़ार जवान किए गए तैनात, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी होली की शुभकामनाएं।
2. सीबीएसई 12वी की 15 मार्च को आयोजित होने वाली हिंदी की परीक्षा नहीं देने वाले परीक्षार्थियों को देगा एक और मौका, बोर्ड में लिया गया निर्णय।
3. चाईबासा पुलिस का सारंडा और कोल्हान में नक्सलियों के विरूद्ध अभियान जारी, भारी मात्रा में विस्फोटक किया गया बरामद।
4. होली में मौसम आज और कल रहेगा गर्म, मौसम विभाग ने कई जिलों में लू चलने की जताई संभावना, 16 मार्च से मौसम में हो सकता है बदलाव।
5. सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैम्पियनशिप में विजेता झारखंड टीम ट्रॉफी लेकर रांची पहुंची, हॉकी झारखंड और हॉकी प्रेमियों ने किया भव्य स्वागत।

*****************

राजधानी रांची सहित राज्य भर में होली का त्योहार दो दिन मनाया जायेगा। होली को लेकर पूरे राज्य में उल्लास का माहौल है। होलिका दहन कल रात संपन्न हो गया। सामान्य परंपरा रही है कि होलिका दहन के अगले दिन ही होली होती है। राज्य सरकार की ओर से भी आज और कल दोनों ही दिन अवकाश घोषित किया गया है। इधर राज्य के 24 जिलों में होली को लेकर पुलिस मुख्यालय की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। राज्य भर में 10 हजार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। राँची जिले में 2000 जवानों की तैनाती की गई हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सौहार्द से पर्व मनाने की अपील की है।

इधर, राज्य के छह जिलों में विशेष चौकसी बरती जा रही है। इसमे रांची के अलावा जमशेदपुर, हजारीबाग, गिरिडीह, पलामू, लोहरदगा और दुमका जिला शामिल है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर कहा कि आप सभी को होली की ढेरों शुभकामनाएं। हर्ष और उल्लास से भरा यह पावन पर्व हर किसी के जीवन में नयी उमंग और ऊर्जा का संचार करने के साथ ही देशवासियों की एकता के रंग को और प्रगाढ़ करे, यही कामना है।

*****************

बोकारो जिला कांग्रेस के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, बेरमो के विधायक कुमार जय मंगल सिंह, विधायक श्वेता सिंह एवं धनबाद लोकसभा की पूर्व प्रत्याशी अनुपमा सिंह समेत सैकड़ों कांग्रेसी शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनए दी। राजेश ठाकुर ने शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की।

*****************

जामताड़ा जिले में पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारीब ने जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाने की अपील की है।

*****************

सीबीएसई ने कल घोषणा की कि होली के कारण 15 मार्च को हिंदी की परीक्षा में शामिल नहीं हो पाने वाले 12वीं कक्षा के छात्रों को पर्चा लिखने का एक और अवसर मिलेगा। सीबीएसइ परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि सीबीएसइ को सूचित किया गया है कि देश के अधिकांश भागों में होली का त्योहार 14 मार्च को मनाया जायेगा, लेकिन कुछ स्थानों पर 15 मार्च को मनाया जायेगा। इस संबंध में जानकारी मिलने के बाद यह

निर्णय लिया गया है कि परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगी, लेकिन जिन छात्रों को 15 फरवरी को परीक्षा देने में कठिनाई हो रही है, वे बाद की तिथि में परीक्षा देने का विकल्प चुन सकते हैं।

********************

प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के विरूद्ध सारंडा और कोल्हान में चाईबासा पुलिस, कोबरा, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ का संयुक्त अभियान जारी है। अभियान के दौरान कल छोटा नागरा क्षेत्र के डीकू पोंगा के आसपास सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा लगाए गए भारी मात्रा में विस्फोटक–आईईडी को बरामद किया। जिसे निष्क्रिय कर दिया गया। पूरे क्षेत्र में नक्सलियों के विरूद्ध विशेष अभियान जारी है।

********************

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स 2025 के अंतर्गत क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पहली से 4 मई तक मुंबई में होने वाला यह कार्यक्रम क्रिएटर समुदाय को एक मंच प्रदान करेगा। श्री वैष्णव ने कल नई दिल्ली में वेव्स 2025 पर एक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित किया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के इस सत्र का उद्देश्य वेव्स 2025 से पहले अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को शामिल करना था। श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि पहला भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईसीटी मुंबई के गोरेगांव में फिल्म सिटी के पास स्थापित किया जाएगा।

इस अवसर पर विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा कि वेव्स मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए चर्चा, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, हितधारकों और नवप्रवर्तकों को एकजुट करेगा ताकि वे अवसरों का पता लगा सकें, चुनौतियों का समाधान कर सकें और क्षेत्र के भविष्य को आकार दे सकें।

********************

होली को लेकर पलामू जिले में हर्सोल्ला देखा जा रहा है। बाजारों में रौनक है। विस्तृत जानकारी दे रहे है

********************

देवघर साइबर थाने की विशेष टीम ने जसीडीह थाना क्षेत्र के बाराटांड़ गांव के समीप जंगल व झाड़ियों में छापेमारी कर साइबर ठगी करते 10 युवकों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। इनसे पुलिस पूछाताछ कर रही है। इधर उपायुक्त विशाल सागर के निर्देश पर एसडीओ रवि कुमार के नेतृत्व में देर रात देवघर व जसीडीह थाना में विभिन्न बालू घाटों में छापेमारी अभियान चलाया। अवैध बालू उठाव को लेकर छापेमारी अभियान में बिना चालान के चार बालू लदे ट्रैक्टर और एक गिट्टी लदा हाइवा जब्त किया गया।

********************

पश्चिमी क्षेत्र से आ रही गर्म हवा के कारण झारखंड के सभी जिलो में धूप की तपिश देखने को मिल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल मौसम गर्म रहेगा। कोल्हान में कल जहां लू का प्रकोप देखा गया, वहीं आज और कल पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसांवा के साथ–साथ पलामू, गढ़वा व आसपास के इलाके में लू चलने की संभावना है। राज्य के कई हिस्सों में 16 मार्च से मौसम में बदलाव हो सकता है। बादल छाये रह सकते हैं व वज्रपात की संभावना है। राज्य में सबसे अधिक तापमान बहरागोड़ा कारिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस अधिक तथा 24 घंटे में 0.1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी रही।

********************

सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में विजेता झारखंड टीम ट्रॉफी लेकर कल रांची पहुंची, जिनका बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर हॉकी झारखंड और हॉकी प्रेमियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टीम को जीत की बधाई देते हुए कहा है कि होली के बाद विशेष कार्यक्रम आयोजित कर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी

झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, पूर्व अन्तरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अंसुता लकड़ा सहित काफी संख्या में हॉकी प्रेमी उपस्थित थे।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

अखबारों की सुर्खियां अधिकांश अखबारों ने रंगों के पर्व होली की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है

प्रभात खबर लिखता है आज और कल रंगो उत्सव, संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर विशेष रूप से निगरानी का निर्देश

दैनिक भास्कर की सुर्खी है परंपरा और आस्था के रंग में भीगी रांची

हिंदुस्तान ने लिखा है झारखंड में गर्मी का मार्च, बहरागोड़ा में पारा 40 पर

दैनिक जागरण लिखता है होली के कारण नहीं छूटेगी 12वीं के छात्रों की परीक्षा

***************